राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
(अनुभाग–3)

क्रमांकः एफ 1(2)ग्रावि/नरेगा/गाईड लाईन/2014/61495 जयपुर, दिनांक 10 JAN 2020

जिला कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक,
महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम राजस्थान,
समस्त राजस्थान।

विषय :– पंचायतीराज संस्थाओं (पंच एवं सरपंच) के आम चुनाव, 2020 मतदान दिवस को महात्मा गांधी नरेगा कार्यों पर अवकाश रखने बाबत।

प्रसंग :– मुख्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान का पत्र क्रमांक 7(1)(1)पंचा./रानिआ/2019 दिनांक 27.12.2019

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के द्वारा राज्य में पंचायतीराज संस्थाओं के लिये आम चुनाव कराये जाने हेतु कार्यक्रम की घोषणा राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान द्वारा की गई है। इस संबंध में जिन तिथियों में पंच/सरपंच के चुनाव कराये जाने हेतु मतदान किया जाना है, उन तिथियों में (गुरूवार नहीं होने की स्थिति में) संबंधित ग्राम पंचायत क्षेत्रों में नरेगा कार्य हेतु श्रमिकों का अवकाश रखा जावे एवं इस मतदान दिवस की एवज में आगामी गुरूवार को कार्य दिवस रखा जावे। मतदान दिवस का अवकाश अवैतनिक अवकाश रहेगा।

उक्त सूचना की जानकारी आपके अधीनस्थ कार्यालय एवं स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का श्रम करावें, ताकि महात्मा गांधी नरेगा श्रमिकों को इसकी जानकारी प्राप्त हो सके।

भवदीय

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

(पी.सी.किशन)
आयुक्त, ईजीएस

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक महात्मा गांधी नरेगा एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद समस्त राजस्थान।
2. अधिशाषी अभियन्ता ईजीएस, समस्त जिला परिषद राजस्थान।
3. सहायक निदेशक आईईसी ईजीएस को समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु।
4. श्री रिंकु छीपा, एमआईएस मैनेजर को अपलोड/ई–मेल करने बाबत।
5. रक्षित पत्रावली।

10/1

परि.निदे.एवं संयुक्त शासन सचिव, ईजीएस

Scanned by CamScanner

84
3/1/2020

राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

(द्वितीय तल, विकास खण्ड, सचिवालय, जयपुर)
(Email- secraj@rajasthan.gov.in एवं Ph. 0141-2227280, 2227072, 2227407)

क्रमांकःएफ. 7(1)(1)/पंचा/रानिआ/2019/6325 दिनांकः 27/12/19

समस्त अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/
शासन सचिव/विशिष्ट शासन सचिव,
राजस्थान सरकार, जयपुर।

I. D. No. 3 Date 1/1/20

विषयः– पंचायतीराज संस्थाओं (पंच एवं सरपंच) के आम चुनाव, 2020 – चुनाव कार्यक्रम की घोषणा।

महोदय,

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में पंचायती राज संस्थाओं (पंच एवं सरपंच) के लिए आम चुनाव करवाये जाने हेतु कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। मतदान तीन चरणों में सम्पन्न होगा। पंच/सरपंच चुनाव के आगामी दिवस को उपसरपंच का चुनाव होगा। निर्वाचन कार्यक्रम की प्रति संलग्न है।

चुनाव कार्यक्रम की उक्त घोषणा के साथ ही राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों के लिए आदर्श आचार संहिता राज्य के संबंधित पंचायत क्षेत्रों में लागू हो गई है, जिसकी पालना करवाना सुनिश्चित करें। आदर्श आचरण संहिता की प्रति संलग्न है।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

आज्ञा से,
(श्याम सिंह राजपुरोहित)
मुख्य निर्वाचन अधिकारी
एवं सचिव

(पी. सी. किशन)
आयुक्त ईजीएस

क्रमांकःएफ. 7(1)(1)/पंचा/रानिआ/2019/6326 दिनांकः 27/12/19

प्रतिलिपि समस्त विशिष्ठ सहायक/निजी सचिव, माननीय मंत्री/राज्य मंत्री महोदय राजस्थान सरकार को प्रेषित कर निवेदन है कि, कृपया उपरोक्तानुसार माननीय मंत्री/राज्य मंत्री महोदय को अवगत करावें।

(अशोक कुमार जैन)
उप सचिव

Scanned by CamScanner

राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

(द्वितीय तल, विकास खण्ड, सचिवालय, जयपुर)

पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव, 2020 – चुनाव कार्यक्रम
(पंच एवं सरपंच पद हेतु)

क्र.स.	कार्य का विवरण	प्रथम चरण	द्वितीय चरण	तृतीय चरण
1	जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियम 23 सपठित 56 के अन्तर्गत निर्वाचन की लोकसूचना जारी करने की तिथि	07.01.2020 (मंगलवार)	11.01.2020 (शनिवार)	18.01.2020 (शनिवार)
2	नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय	08.01.2020 (बुधवार) प्रातः 10.30 से सांय 4.30 तक	13.01.2020 (सोमवार) प्रातः 10.30 से सांय 4.30 तक	20.01.2020 (सोमवार) प्रातः 10.30 से सांय 4.30 तक
3	नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की तिथि एवं समय	09.01.2020 (गुरूवार) प्रातः 10.30 से	14.01.2020 (मंगलवार) प्रातः 10.30 से	21.01.2020 (मंगलवार) प्रातः 10.30 से
4	नाम वापसी की अंतिम तारीख एवं समय	09.01.2020 (गुरूवार) अपरान्ह 3.00 बजे तक	14.01.2020 (मंगलवार) अपरान्ह 3.00 बजे तक	21.01.2020 (मंगलवार) अपरान्ह 3.00 बजे तक
5	चुनाव प्रतीकों का आवंटन एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन	09.01.2020 (गुरूवार) नाम वापसी का समय समाप्त होने के तुरन्त पश्चात्	14.01.2020 (मंगलवार) नाम वापसी का समय समाप्त होने के तुरन्त पश्चात्	21.01.2020 (मंगलवार) नाम वापसी का समय समाप्त होने के तुरन्त पश्चात्
6	मतदान दलों का प्रस्थान/पहुँच	16.01.2020 (गुरूवार)	21.01.2020 (मंगलवार)	28.01.2020 (मंगलवार)
7	मतदान की तिथि एवं समय	17.01.2020 (शुक्रवार) प्रातः 8.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक	22.01.2020 (बुधवार) प्रातः 8.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक	29.01.2020 (बुधवार) प्रातः 8.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक
8	मतगणना (पंचायत मुख्यालय पर)	17.01.2020 (शुक्रवार) मतदान समाप्ति के तुरन्त पश्चात्	22.01.2020 (बुधवार) मतदान समाप्ति के तुरन्त पश्चात्	29.01.2020 (बुधवार) मतदान समाप्ति के तुरन्त पश्चात्
9	उपसरपंच का चुनाव	18.01.2020 (शनिवार)	23.01.2020 (गुरूवार)	30.01.2020 (गुरूवार)

Scanned by CamScanner